दिनांकः 28.03.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए अधिसूचना जारी–पहले चरण में प्रदेश की 12 सीटों पर 131 उम्मीदवारों ने 179 नामांकन भरे।
- मुख्य सचिव सुधांश पंत ने चुनाव के मद्देनजर पड़ोसी राज्यों के साथ वीसी के माध्यम से की बैठक–अंतर्राज्यीय सीमा पर कड़ी चौकसी बरतने के दिये निर्देश।
- मौसमी बीमारियों से बचाव और प्रभावी रोकथाम के लिए प्रदेशभर में एक अप्रैल से चलेगा क्रेश कार्यक्रम।
- राज्य में कई स्थानों पर अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी–बारां के अंता में पारा 42 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज।

......................

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए आज अधिसूचना जारी कर दी गई है। इसके साथ ही 13 सीटों टोंक–सवाईमाधोपुर, अजमेर, पाली, जोधपुर, बाड़मेर, जालौर, उदयपुर, बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, राजसमंद, भीलवाड़ा, कोटा और झालावाड़–बारां पर नामांकन प्रक्रिया शुरू हो रही है। बागीदौरा विधानसभा सीट पर उपचुनाव की अधिसूचना भी जारी कर दी गई है, जहां दूसरे चरण के साथ ही उपचुनाव होगा। दूसरे चरण के लिए 26 अप्रैल को मतदान होगा। इस बीच, पहले चरण के चुनाव के लिए राज्य की 12 लोकसभा सीटों पर नाम निर्देशन पत्र भरने का काम पूरा हो गया है। ब्यौरा हमारे संवाददाता से –

......................

पहले चरण के लिए भरे गये नामांकन पत्रों की आज जांच की जाएगी। 30 अप्रैल तक नाम वापिस लिये जा सकेंगे। मतदान 19 अप्रैल को होगा। मतगणना 4 जून को होगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि पहले चरण के लिए 131 प्रत्याशियों ने 179 नामांकन भरे हैं। कल 91 प्रत्याशियों ने 129 नामांकन प्रस्तुत किए।
पहले चरण के नामांकन दाखिल होने के साथ ही प्रत्याशी चुनाव प्रचार में तेजी ला रहे हैं और अपने–अपने पक्ष में वोट डालने के लिए लोगों से अपील कर रहे हैं। गली–मोहल्लों में चुनावी नुक्कड़ सभाओं का आगाज हो गया है और डोर–टू–डोर जनसम्पर्क भी किया जा रहा है।

......................

राजसमंद लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस के उम्मीदवार सुदर्शन सिंह रावत ने चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है। श्री रावत ने इस बारे में प्रदेश अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा को पत्र लिखा है कि वे किसी भी स्थिति में चुनाव लड़ने के लिए तैयार नहीं हैं।

......................

मुख्य सचिव सुधांश पंत ने लोकसभा चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से करवाने के लिए राजस्थान सहित सभी पड़ोसी राज्यों को समन्वय के साथ सतर्कता बरतने के निर्देश दिये हैं। श्री पंत कल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के पांच पड़ोसी राज्यों पंजाब, हरियाणा, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश और गुजरात के मुख्य सचिवों, पुलिस महानिदेशकों और गृह विभाग के प्रमुख सचिवों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में कानून–व्यवस्था सहित अन्य तैयारियों के संबंध में चर्चा की गयी। उन्होंने कहा कि अवैध शराब, नकदी और अन्य सामग्री के परिवहन की रोकथाम के लिए अंतरराज्यीय सीमाओं पर दोतरफा निगरानी बढ़ाई जानी चाहिए।
पुलिस महानिदेशक उत्कल रंजन साहू ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए प्रदेशभर में पुलिस की ओर से प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर, जिलेवार केन्द्रीय पुलिस बलों का आवंटन कर दिया गया है।

000

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आकाशवाणी समाचार जयपुर की ओर से मतदाता जागरूकता के लिये संदेश श्रृंखला चलायी जा रही है। इसमें श्रोता संदेश भेजकर आमजन को वोट डालने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। श्रोता अपने संदेश रिकॉर्ड कर या टाईप कर व्हॉट्सअप नम्बर 94140—52368 पर भेज सकते हैं। चुनिन्दा संदेशों को समाचार बुलेटिनों में स्थान दिया जा रहा है। इसी कड़ी में आज सुनिये बाड़मेर से हमारे श्रोता का संदेश —

-----------

000

प्रदेश में मौसमी बीमारियों से बचाव और प्रभावी रोकथाम के लिए चिकित्सा तथा स्वास्थ्य विभाग एक अप्रैल से क्रेश कार्यक्रम चलाएगा। विभाग ने इसके लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। स्वास्थ्य निदेशालय में राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम शुरू किया जाएगा। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने इस बार डेंगू, मलेरिया सहित अन्य मौसमी बीमारियों का प्रसार ज्यादा होने की आशंका व्यक्त की है। इसे ध्यान में रखते हुए प्रदेश में मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए सभी पुख्ता तैयारियां की जा रही हैं। चिकित्सा विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव ने सभी विभागों को चेकलिस्ट बनाकर साप्ताहिक समीक्षा करने और डेंगू, मलेरिया, स्क्रब टाइफस, चिकनगुनिया सहित अन्य मौसमी बीमारियों की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि विभिन्न स्थानों पर पानी जमाव की स्थिति को रोकने के लिए जरूरत के मुताबिक एरियल सर्वे भी करवाया जा सकता है।

000

प्रदेश के आठ मेडिकल कॉलेजों के प्राचार्यों को क्यूआर कोड आधारित सफाई व्यवस्था लागू नहीं करने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। चिकित्सा शिक्षा विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि इन संस्थानों ने लगातार निर्देश दिये जाने और निरीक्षण के बावजूद ये व्यवस्था शुरू नहीं की थी। इसलिए नोटिस जारी कर तीन दिन में स्पष्टीकरण मांगा गया है। इनमें अजमेर, बीकानेर, जयपुर, जोधपुर, सीकर और डूंगरपुर के मेडिकल कॉलेज और अस्पताल शामिल हैं।

000

बारां जिले के बड़गांव में कल दिनदहाड़े बदमाशों ने यूको बैंक से 10 लाख रुपये से अधिक की राशि लूट ली। नकाबपोश लुटेरों ने दो हवाई फायर भी किये। ये दोनों मोटरसाइकिल पर सवार थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

000

अक्षय तृतीया यानि आखा तीज पर प्रदेश में संभावित बाल विवाहों की रोकथाम के लिये जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इसे लेकर कल बूंदी में अतिरिक्त जिला कलेक्टर घनश्याम शर्मा ने बैठक की। श्री शर्मा ने कहा कि बाल विवाह बच्चों के विकास में बाधक है। धर्म गुरुओं, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, कर्मचारियों और आम लोगों को इस बुराई की रोकथाम में सक्रिय होकर अपनी भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने सभी प्रिंटर्स को विवाह निमंत्रण पत्रिकाओं पर वर—वधू की जन्मतिथि आवश्यक रूप से अंकित करने के निर्देश दिए।

000

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो—एसीबी की टीम ने उदयपुर के वल्लभनगर थाना क्षेत्र से एक दलाल को अस्सी हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। एसीबी के पुलिस अधीक्षक ने बताया कि उसने परिवादी से ये राशि जेसीबी और ट्रेक्टर छोड़ने के एवज़ में ली थी।

000

प्रदेश में पिछले 24 घंटों में कई स्थानों पर अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया। तेज धूप और गर्मी से लोग परेशान रहे। बीकानेर और श्रीगंगानगर में दिनभर की तपिश के बाद देर शाम बूंदाबांदी हुई। मौसम विभाग के अनुसार बारां के अंता में 42 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान रहा। फलौदी में पारा 42, डूंगरपुर में 41, कोटा में 40 दशमलव 8, जैसलमेर में 40 दशमलव 7, बाड़मेर 40 दशमलव 4 और सीकर के फतेहपुर में 40 दशमलव 3 डिग्री सेल्सियस रहा।

000